# प्रपत्र–1

## प्रतिवेदन

**परियोजना का नामः– जनपद देहरादून के विकास खण्ड डोईवाला के अर्न्तगत जाखन नदी पर सूर्यधार झील पहुँच मार्ग के निर्माण हेतु 3.69 है0 वन भूमि का सिंचाई विभाग को हस्तान्तरण।**

उपरोक्त विषयक प्रस्तावित सूर्यधार झील व पहुँच मार्ग शासनादेश संख्या मा0 मुख्य मंत्री घोषणा संख्या 87/2017 दिनांक 19.06.2017 के द्वारा निर्माण हेतु स्वीकृत हैं। प्रस्तावित झील व पहुँच मार्ग थानों भोगपुर रोड़ के जाखन पुल से सनगॉव मोटर मार्ग के कि0मी0 2 से आरम्भ होकर सूर्यधार (जाखन नहर का हैड) तक निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। वन विभाग द्वारा निर्मित कच्चा मार्ग विद्यमान है। संरेखण इसी कच्चे मार्ग का अनुसरण करता है। इस परियोजना के निर्माण से डोईवाला विकासखण्ड के विभिन्न गॉवों को सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो पायेगी जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कृषि उपज एवं पेयजल की सुविधा मिलेगी। साथ ही झील का निर्माण होने से क्षेत्र में पर्यटन में बढोत्तरी होगी जिससे गॉव के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध होगा एवं गॉव में पलायन को भी रोका जायेगा। स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी।

सहायक अभियन्ता
सिंचाई खण्ड देहरादून।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड देहरादून।